पीयरसन स्कूल ने जयपुर में आयोजित की शहर स्तरीय क्विज

जयपुर। जयपुर में आयोजित पीयरसन शहर स्तरीय क्विज में केम्ब्रिज कोर्ट स्कूल ने जीत हासिल की है। विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और ज्ञान को प्रदर्शित करने का अवसर देने के उद्देश्य से पीयरसन ने शहर स्तरीय अंतर स्कूल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर में लगातार दूसरे वर्ष किया, जिसमें कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।कठिन प्रतियोगी दौर के बाद केम्ब्रिज कोर्ट स्कूल के पर्व मलिक और पार्थ भारद्वाज विजेता घोषित किए गए। सार्थक चौहान और रक्षना जैन प्रथम उपविजेजा तथा आर्य गुप्ता और आयुष जैन द्वितीय उपविजेता यह दोनों भी केम्ब्रिज कोर्ट स्कूल के विद्यार्थी है। इस क्विज को छात्र समुदाय से अपार समर्थन मिला तथा इस प्रतियोगिता में 22 स्कूलों के 290 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए नेशनल क्विज के बारे में पीयरसन इण्डिया के वाइस प्रेसिडेन्ट स्कूल्स मैनेजमेंट एण्ड क्वालिफिकेशन श्री हरीश दोरईस्वामी ने कहा ''पीयरसन क्विज विद्यार्थियों को अपना उत्साह प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है। हम हमेशा छात्रों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि उन्होंने क्लास रूम में जो सीखा है उससे भी आगे जाए और दीर्घानुभव प्राप्त करें। हमें इस प्रतियोगिता में छात्रों की तरफ से अपार समर्थन मिल रहा है और हम सभी स्कूलों के आभारी हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता को अपना पूरा समर्थन प्रदान किया।''इस प्रतियोगिता में कक्षा 5 से लेकर 8वीं तक के स्कूली पाठ्यक्रम के सभी विषयों के बारे में प्रश्न एवं क्विज पूछे गए इसके अलावा इसमें कुछ वर्तमान घटनाओं, खेलो और लोकप्रिय संस्कृति के बारे में भी सवाल पूछे गए। इस क्विज का प्रारूप केवल विद्यार्थियों के ज्ञान का परीक्षण लेना ही नहीं था, अपितु उनमें परिष्कृत टीम रणनीति भी तैयार करना था। इस क्विज ने छात्रों में टीम भावना एवं स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया।प्रिंसिपल श्रीमती अर्चना पाल सिंह ने कहा ''यह मेरे लिए गौरव की बात है कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने काफी अच्छी तैयारी के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा स्कूल का नाम गौरवान्वित किया।''शहर स्तर पर इस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बंगलूरू, हैदराबाद, पुणे, सूरत, जम्मू, मंगलौर, जयपुर और भोपाल में आयोजित किया गया।